<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 4992

26 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन और उपयोग

4992. श्री वी. एलुमलाईः

श्री के. अशोक कुमारः

डॉ. मनोज राजोरियाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2030-31 तक घरेलू इस्पात बनाने की क्षमता को दोगुना से अधिक करने के लक्ष्य जो कि 300 एमटी है, को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने विभिन्न अवसरंचना क्षेत्रों में इस्पात के उपयोग को बढ़ाने के संबंध में एक रूपरेखा तैयार करने के लिए एक कृतक बल की स्थापना की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कृतक बल घरेलू इस्पात उद्योग पर आयातित इस्पात के प्रभाव और सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों में मौजूदा परियोजनाओं में आयातित इस्पात के उपयोग के प्रतिशत का भी विश्लेषण करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने वर्ष 2020 तक 150 एमटी इस्पात उपयोग के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य हेतु सख्त कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष और मौजूदा वर्ष के दौरान देश में इस्पात का प्रति व्यक्ति वास्तविक और वांछित/लक्षित उपयोग कितना है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): सरकार ने वर्ष 2030-31 तक क्रूड इस्पात निर्माण की क्षमता को 300 मिलियन टन तक बढ़ाने का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। यह देश में इस्पात खपत और जीडीपी विकास के पूर्वानुमान के आधार पर आवश्यकता का एक अनुमान है। तथापि, राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 में इस स्तर को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित तौर-तरीकों और तैयारी के स्तर पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है।

(ख): इस्पात मंत्रालय ने रेलवे, शहरी विकास, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और शिप निर्माण क्षेत्र में इस्पात का उपयोग बढ़ाने के लिए संबंधित मंत्रालयों के साथ मिलकर टास्क फोर्स गठित किया है।

(ग): जी नहीं।

(घ): सरकार ने वर्ष 2020 तक इस्पात की 150 एमटी खपत प्राप्त करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। तथापि, राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के अनुसार वर्ष 2030-31 तक देश में इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत 160 किलोग्राम हो जाने की प्रत्याशा है। देश में इस्पात की खपत के लिए भी कोई वर्ष-वार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। विगत 4 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान फिनिश्ड इस्पात की वार्षिक प्रति व्यक्ति खपत के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

वर्ष	**भारत में फिनिश्ड इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत**
	मात्रा (किलोग्राम)
2013-14	59.56
2014-15	61.15
2015-16	63.99
2016-17	65.25
2017-18 (फरवरी, 2018 तक) (अनंतिम)	68.00
स्रोत: जेपीसी	

*****